
तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि मध्यांचल भूमि

रायपुर, बुधवार 16 अक्टूबर 2024

12 प्रतिमा डांस ग्रुप को मिला प्रतियोगिता का प्रथम...



12 शिविर लगाकर बनाएं आय जाति व निवास प्रमाणपत्र




## फायर सेफ्टी प्रशिक्षण के द्वारा युवकों के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

**भिलाई।** संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते हैं, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धता है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपूर संभावनाएं होती है साथ ही **फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर** स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 पद फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र -छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO),भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे हैं **संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी,** संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र -छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लग जाती है, सभी जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को संस्था के द्वारा प्रतिशक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी।

**आवेदन की अंतिम तिथि 25/10/2024**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**
- डिप्लोमा फायर एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी
- डिप्लोमा हेल्थ सेनिटरी इंस्पेक्टर
- सब-फायर ऑफिसर
- बी.एस.सी. फायर सेफ्टी



**(1) पताः फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट,(निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक- गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग, (2) कैंपस :- प्लाट नंबर 766, वार्ड नंबर 1, दशहरा मैदान के सामने, शांति नगर, भिलाई जिला दुर्ग छत्तीसगढ़-**

**अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:मो.7697212782**

ADVT.


## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज रामचंडी दिवस में होंगे शामिल



**महासमुंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार 16 अक्टूबर को जिले के दौरे पर रहेंगे। मुख्यमंत्री साय निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार रायपुर से सुबह 9:20 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर सुबह 10 बजे बसना विकासखंड के गढ़फुलझर रामचंडी मंदिर स्थित मैदान पहुंचेंगे। वहां रामचंडी दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। 10:30 बजे गढ़फुलझर से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मंदिरों में कल मनाई जाएगी शरद पूर्णिमा

**महासमुंद।** शहर में शरद पूर्णिमा महोत्सव 17 अक्टूबर को मनाया जाएगा। मंदिरों में आयोजन होंगे। इस दिन ही रात के वक्त चंद्रमा की रोशनी में खीर बनाकर रखी जाएगी। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की रात माता लक्ष्मी धरती पर भ्रमण करने आती हैं और भक्तों को सुखी संपन्न रहने का आशीर्वाद देती हैं। धन प्राप्ति के लिए मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए यह दिन बहुत खास होता है। इस दिन मंदिरों में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। मंदिरों में भगवान का श्वेत वस्त्रों से श्रृंगार किया जाएगा। कहीं खीर तो कहीं केसरयुक्त दूध का भोग अर्पित किया जाएगा। इसका महत्व साल की सभी 12 पूर्णिमा तिथियों में सबसे खास होता है। मान्यता है कि चंद्रमा की किरणों में रखी गई खीर का सेवन करने से कई रोग दूर हो जाते हैं और साथ ही माता लक्ष्मी की कृपा भी प्राप्त होती हैं।

### देवउठनी एकादशी पर 12 को स्थानीय अवकाश

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा जिला के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए गोवर्धन पूजा 01 नवंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किए गए थे। जिसे परिवर्तित करते हुए देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर मंगलवार 12 नवंबर 2024 को स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### सब्जी व्यवसायी महिला से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** शहर के स्वामी चौक के पास रोड किनारे सब्जी बेच रही एक महिला के साथ तीन महिलाओं ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि वार्ड नंबर 02 इमलीभांठा निवासी रेखा ठाकुर पिता भरत सिंह ठाकुर 14 अक्टूबर को स्वामी चौक के रोड किनारे मेडिकल दुकान के सामने दुकान लगाकर सब्जी बेच रही थी और करीब 10 बजे अपना सब्जी सामान समेटकर घर जाने की तैयार कर रही थी। उसी समय प्रार्थिया के साथ बगल में सब्जी बेचने वाली सीता पटेल, पूजा पटेल एवं पार्वती ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व डंडा एवं पत्थर से मारपीट कर दिया। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# उपलब्धि : जांगड़ा को मिला हर घर जल का प्रमाणपत्र

## अब गांव के हर घर में स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति हुई सुनिश्चित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

विकासखंड के ग्राम जांगड़ा को जल जीवन मिशन अंतर्गत 'हर घर जल' का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया है। उक्त प्रमाण पत्र इस बात का प्रमाण है कि गांव के हर घर में अब स्वच्छ पेयजल की निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित हो गई है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से राजकुमार कोशले ने ग्रामवासियों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह गांव के लिए गौरव का क्षण है।

हर घर जल' योजना का मुख्य उद्देश्य देश के हर घर को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना है और ग्राम जांगड़ा ने इस दिशा में एक मिसाल पेश की है। गायत्री निषाद, मनीष वर्मा, सरोजनी वर्मा, उत्तरा बाई वर्मा ने गांव में एफटीके किट के माध्यम से नियमित पेयजल की जांच की जाती है, ताकि जल में किसी प्रकार की गुणवत्ता में कमी ना हो।

साथ ही साथ गोवर्धन यादव एवं रतन वर्मा द्वारा योजना के नियमित संचालन और रखरखाव के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। गांव के सरपंच हीरामणि धुरंधर ने कहा इस उपलब्धि के पीछे ग्रामीणों का अथक प्रयास और सरकार का सहयोग रहा है। अब हमारे गांव के लोगों को स्वच्छ पानी के लिए दूर–दूर तक नहीं जाना पड़ेगा। इस योजना के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री को धन्यवाद कहा।





### सभी कार्य ग्रामीणों को सौंपा गया

'हर घर जल' योजना के तहत गांव में किए गए प्रमुख कार्य में पाइप लाइन बिछाना, ओवरहेड टैंक का निर्माण, प्लेट फार्म एवं टैप कनेक्शन का निर्माण कर गांव वालों को सौंपा गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से कन्हैया लाल देवांगन सहायक अभियंता, हरिशंकर कौशल उप अभियंता एवं जिला समन्वयक मनोज कुमार राठौर, ग्राम सचिव नरेश कुमार वर्मा ग्राम के ठेकेदार अश्वनी कुमार वर्मा सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कार्रवाई : दरचुरा में एक दुकान में 4 पैकेट में रखा मिला

# चार किलो गांजा जब्त, आरोपी को पुलिस ने दबोचा, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा, नशीली टेबलेट सहित असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए जिला पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत सिमगा पुलिस ने ग्राम दरचुरा में छापामार कार्रवाई कर 4.247 किलो गांजा जब्त करने में सफल रही।



जानकारी के अनुसार सिमगा थाना अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर नेशनल हाईवे में ग्राम दरचुरा में गांजा की बिक्री करने वाले एक आरोपी को पकड़ा। मुखबिर की सूचना पर सिमगा पुलिस की टीम द्वारा ग्राम दरचुरा में आरोपी प्रदीप माण्डे 42 वर्ष के दुकान में छापामार कार्रवाई की। इस दौरान दुकान जांच की गई, जिसमें आरोपी के दुकान से 4 नग अलग–अलग पैकेटों में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला, जिसे पुलिस ने जब्त कर तौल किया जो कुल 04.247 किलोग्राम का होना पाया गया। जिसका बाजार मुल्य लगभग 34 हजार है। पुलिस ने धारा 20 बीएनडीपीएस एक्ट के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया है। बताते चलें कि दरचुरा में सभी तरह के अवैध कारोबार संचालित हो रहे हैं। यह अवैध कारोबार का सेंटर पाइंट है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व ही ग्राम केसदा में पुलिस ने एमपी के 532 पेटी अवैध एवं नकली शराब का जखीरा बरामद किया है। अभी तक केवल पुलिस ने केवल पियादों पर ही कार्रवाई की है, जबकि बड़े तस्कर एवं सरगना पर कार्रवाई का इंतजार है।

## मोबाइल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

*बलौदाबाजार। साप्ताहिक बाजार के दौरान मोबाइल की चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी से मोबाइल भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि प्रार्थी महेंद्र कुमार टिकरिहा निवासी अंबुजा सीमेंट प्लांट रवान द्वारा थाना सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम लगभग 5 बजे वह साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गया था। इसी दौरान उसके जेब में रखे वनप्लस मोबाइल को किसी अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर लिया गया। इस आधार पर थाना सिटी कोतवाली में धारा 303(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदेही सुशील 22 वर्ष निवासी संत रविदास वार्ड भाटापारा को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उसके द्वारा घटना दिनांक को भाटापारा से बस में बैठकर साप्ताहिक बाजार रवान आना एवं प्रार्थी का मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी से चोरी का मोबाइल वन प्लस कंपनी कीमती 17,500 बरामद किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा है।*



# बीईओ ने देखी शिक्षकों की मनमानी जांच में 10 शिक्षक अनुपस्थित मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

- अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

विकासखंड शिक्षा अधिकारी के अलग-अलग स्कूलों में औचक निरीक्षण के दौरान दस शिक्षक-शिक्षिकाएं अनुपस्थित मिली। बीईओ ने अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई में आठ शिक्षिकाएं जिसमें एक प्रधान पीठिका सहित दो शिक्षक शामिल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामजी पाल, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं संकुल समन्वयकों की टीम विकासखंड के विभिन्न स्कूलों का आकस्मिक निरीक्षण करने पहुंची, जिसमें प्रार्थना में बहुत से शिक्षक अनुपस्थित मिले। इस पर विकास का शिक्षा अधिकारी ने नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया है। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षकों में प्राथमिक शाला देवरी से विजयलक्ष्मी वर्मा, अभिलाषा शर्मा, आशा बंजारे, मिडिल स्कूल माता देवालय से प्रधान पाठक प्रेमा मसीह, जय श्री कलेत, उषा कोटरे, उषा ध्रुव, श्यामलाल वर्मा, प्राथमिक शाला लाल बहादुर शामिल हैं।





# घातक हथियारों का विज्ञापन प्रदर्शित करने वाले ऑनलाइन मार्केटिंग साइट को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- युवा वर्ग आपराधिक घटनों को अंजाम देने ऑनलाइन खरीदी कर रहे चाकू, छुरी एवं घातक हथियार

ऑनलाइन शापिंग साइट में चाकू, छुरी एवं अन्य घातक हथियारों का विज्ञापन प्रदर्शित करने वाले ऑनलाइन मार्केटिंग साइट को नोटिस जारी किया जा रहा है। पिछले कुछ दिनों में जिले में घटित विभिन्न अपराधों के विश्लेषण से पाया गया कि अपराध में शामिल अधिकांश अपराधी युवा वर्ग से है तथा इन अपराधों में चाकू, छुरी आदि का इस्तेमाल किया गया है। यह चाकू, छुरी इन आरोपियों द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग साइट द्वारा ऑर्डर कर मंगवाया गया था। अपराध नियंत्रण के लिए इस प्रकार से ऑनलाइन शॉपिंग साइट में घातक हथियारों को खरीदने हेतु विज्ञापन जारी करने वाले शॉपिंग साइट पर शिकंजा कसना एवं इन पर नियंत्रण रखना अत्यंत आवश्यक है। जिला बलौदाबाजार पुलिस द्वारा ऑनलाइन मार्केटिंग साइट से चाकू, छुरी आदि धारदार घातक हथियारों का विज्ञापन जारी करने वाले आनलाइन मार्केटिंग साइट को नोटिस जारी करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके तहत डममीव ऑनलाइन शॉपिंग साइट को धारा 94 बीएनएसएस अंतर्गत नोटिस जारी किया गया है। इस प्रकार से राज्य में धारदार हथियारों का विज्ञापन जारी कर व्यवसाय किया जाना, आयुध अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन साइट में चाकू, छुरी आदि खरीदने के लिए विज्ञापन जारी किया जाता है, जिसका उपयोग कई अपराधिक एवं असामाजिक तत्वों द्वारा भी किया जा रहा है। पिछले दिनों लवन में घटित मारपीट की घटना में आरोपियों द्वारा डममीव ऑनलाइन शॉपिंग साइट से चाकू ऑर्डर कर मंगवाया गया था, जिसका उपयोग कर आरोपियों द्वारा एक व्यक्ति को गंभीर रूप से चोट पहुंचाया गया।

## शिवरतन शर्मा ने भेजा था निर्माण कार्यों की स्वीकृति के लिए प्रस्ताव

# 2 करोड़ 80 लाख में होंगे 38 निर्माण कार्य, प्रशासन की मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही लगतार भाटापारा विधानसभा में उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा के प्रयासों से करोड़ों के निर्माण कार्यों की स्वीकृति राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है।

इसी कड़ी में शिवरतन शर्मा की पहल पर नगर पालिका भाटापारा को वित्तीय वर्ष 2024-25 में निकाय क्षेत्रांतर्गत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग से अधोसंरचना मद में 38 निर्माण कार्यों के लिए अधोसंरचना मद से स्वीकृति मिली है। इन निर्माण कार्यों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग ने 2 करोड़ 80 लाख 73 हजार की राशि स्वीकृत की है। भाजपा सरकार बनने के बाद से नगर पालिका के अब तक लगभग 10 करोड़ की राशि शिवरतन शर्मा के प्रयासों से प्राप्त हो चुकी है।



उक्त स्वीकृति के लिए उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर हो या ग्राम भाटापारा विधानसभा में भाजपा सरकार द्वारा ही विकास कार्य करवाये गए हैं और आगे भी विकास कार्य भाजपा सरकार द्वारा ही करवाये जाएंगे। क्षेत्र में विकास कार्य निरंतर हो यह मेरी प्राथमिकता थी और है। हमारी सरकार सबका विकास सबका साथ सबके विश्वास पर ही कार्य करती है। इसी का परिणाम है कि सरकार बनने के 10 माह में ही भाटापारा में चारों ओर विकास कार्य स्वीकृत हो रहे हैं और आगे भी विकास कार्यों की गति चलते ही रहेगी।

### शहर के लिए कई विकास कार्य स्वीकृत हुए

श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड में फिल्टर प्लांट में शेड निर्माण कार्य 20.86 लाख, हथनी पारा वार्ड में नाका नम्बर 1 से महारानी चौक तक दोनों ओर आर सीसी नाली कवर निर्माण 9.73 लाख, महावीर वार्ड में दो अलग-अलग स्थानों पर सीसी रोड 5.22 लाख और 2.60 लाख, सुभाष वार्ड में एस एल आर एम सेंटर में मशीनरी स्थापना हेतु शेड निर्माण 20.86 लाख, सुभाष वार्ड एस एमआरएल सेंटर में आहाता निर्माण 10.65 लाख, सीसी रोड टॉप निर्माण 12.48 लाख, ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड में आर सी सी नाली निर्माण 1.72 लाख, सीसी रोड निर्माण 4.43 लाख, शासकीय बहुद्धेश्यीय उच्च माध्य विद्यालय में खेल मैदान निर्माण 5.74 लाख, नगर पालिका कार्यालय परिसर में अतिरिक्त कक्ष निर्माण 15.61 लाख, परसुराम वार्ड में चार स्थानों पर सीसी रोड निर्माण 17.81 लाख, आरसीसी नाली निर्माण एवं सीसी रोड निर्माण 7.08 लाख, गांधी मंदिर वार्ड में सीसी रोड निर्माण 3.94 लाख, शंकर वार्ड में सीसी रोड निर्माण 2.72 लाख, सदर वार्ड में सीसी रोड निर्माण 5.66 लाख, संजय वार्ड में आरसीसी नाली निर्माण 6.22 लाख, बलभद्र वार्ड में सीसी रोड निर्माण 6.28 लाख, नयागंज वार्ड में नाली निर्माण 05.12 लाख, भगत सिंह वार्ड में स्लैब निर्माण 1.52 लाख, सीसी रोड निर्माण 0.79 हजार, गुरुनानक वार्ड में सीसी रोड निर्माण 3.19 लाख, गुरुनानक वार्ड में सीसी रोड 3.22 लाख, रामसागर वार्ड में सीसी रोड टॉप कार्य 13.67 लाख, रामसागर वार्ड में रोड निर्माण 9.80 लाख, मुंशी इस्माइल वार्ड में रोड़ निर्माण 4.86 लाख, सूरदास मंदिर से रोड निर्माण 3.08 लाख, सौरापारा तक रोड निर्माण 1.98 लाख, वीरनारायण सिंह वार्ड में नाली निर्माण 1.49 लाख, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में रोड निर्माण 3.36 लाख, बजरंग वार्ड में सीसीरोड टॉप कार्य 10.92 लाख, बजरंग वार्ड में सीसीरोड टॉप 5.77 लाख, स्टेशन वार्ड में रोड एवं नाले में स्लैब निर्माण 8.75 लाख, स्टेशन वार्ड क्रिशचन मुक्तिधाम तक नाली एवं स्लैब निर्माण 4.71 लाख, दीनदयाल वार्ड में शेड निर्माण 20.86 लाख, दीनदयाल वार्ड में रोड निर्माण 6.59 लाख और 2.33 लाख, टोहडीघाट इंटकवेल परिसर में आहाता निर्माण 9.11 लाख की स्वीकृति शामिल हैं।

### फोटो खींचने के बहाने महिला के गहने पार

**महासमुंद।** आवास योजना के नाम पर महिला को झांसा देकर दो लोगों ने 35 हजार रुपए के गहनों पर हाथ साफ कर दिए। इन दिनों अब ग्रामीण इलाकों में घर के पुरुष बाहरी कामों में जुटे रहते हैं। महिलाओं को अकेला पाकर ऐसे गिरोह महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। आवास योजना का झांसा देकर महिला का फोटो खींचने के नाम पर उलझाकर दो लोगों ने 35 हजार रुपए के गहने चोरी कर लिए। मामला तेंदूकोना थाना अंतर्गत ग्राम साल्हेभांठा का है। पुलिस को प्रार्थिया जानकी साहू पति बंशीलाल साहू ने बताया कि 14 अक्टूबर को मोटर सायकल में अज्ञात दो आदमी मेरे घर आई और बोले कि आवास आया है फोटो खिंचवाना है। उनके ऐसा कहने पर महिला फोटो खिंचवाने चली गई। दोनों ने कहा कि जो सोने-चांदी का गहनों पहना हुआ उसे निकाल दो, फोटो ठीक से नहीं आ रहा है। जिस पर प्रार्थिया ने पहने हुए गहने को निकालकर रख दिया और फोटो खिंचवाने लग गई। फिर उन लोगों ने राशन कार्ड मांगा।


## पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में **हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

**8224035555, 8370049468**

**खबर संक्षेप**

## ब्राह्मण समाज से बनाएं प्रत्याशी, भाजपा-कांग्रेस से रखेंगे मांग

**रायपुर।** ब्राह्मण समाज के प्रतिनिधिमंडल द्वारा 15 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण देव को ज्ञापन सौंपकर आगामी होने वाले दक्षिण विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण समाज से प्रत्याशी दिए जाने का पुरजोर मांग की जाएगी। इसके बाद रावणभाठा से कारों के काफिले के साथ शंकर नगर स्थित राजीव भवन पहुंचकर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष से मिलकर इस संबंध में ज्ञापन सौंपा जाएगा। ब्राह्मण समाज के अरुण शुक्ला, नरेंद्र तिवारी, अविनाश शुक्ला, नटराज शर्मा, राजेंद्र दुबे एवं चंद्रप्रकाश ब्यास, सुरेश शुक्ल का कहना है कि रायपुर दक्षिण विधानसभा में ब्राह्मण समाजजन बड़ी संख्या में निवास करते हैं। सही मायने में इस विधानसभा में ब्राह्मण समाज सबसे बड़े मतदाता के रूप में है, जिनका अन्य सभी समाज के साथ बराबर का समन्वय वर्षों से बना हुआ है। यही कारण है कि इस उपचुनाव में दोनों पार्टियों से किसी ब्राह्मण को ही प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जा रही है। उन्होंने कहा प्रतिनिधिमंडल के प्रदेश कार्यालयों में जाकर ज्ञापन सौंपे जाने के संबंध में पहले से ही लिखित जानकारी दी गई है।

## प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने के लिए मंगाए आवेदन

**रायपुर।** प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के अंतर्गत नवीन जन औषधि केंद्र खोलने के लिए सेवा संस्थान, सहकारी समिति, सोसाइटी और पंजीकृत फार्मासिस्ट एवं अन्य से आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। जन औषधि प्रपत्र भरकर स्थानीय कार्यालय में रजिस्टर्ड डाक, स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 21 अक्टूबर है। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला रायपुर ने बताया कि नियम, शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है।

# पीएससी इंटरव्यू स्थगित, फिर से बनेगा पैनल, साक्षात्कार इसके बाद, लौटे अभ्यर्थी

**रविवार को रीता शांडिल्य को नियुक्त किया गया था कार्यकारी अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित किया जाने वाला साक्षात्कार स्थगित कर दिया गया है। नए कार्यकारी अध्यक्ष की नियुक्ति किए जाने के बाद बोर्ड का पुनर्गठन करने का फैसला किया गया है। बोर्ड में नए सदस्यों की नियुक्ति होने के बाद ही साक्षात्कार सहित अन्य प्रक्रियाएं पूर्ण होंगी। सरकार ने रविवार को ही पूर्व आईएएस रीता शांडिल्य को नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया था। सोमवार को उन्होंने पदभार ग्रहण किया। इसके बाद यह आदेश जारी कर दिया गया है। गौरतलब है कि राज्य सेवा परीक्षा-2023 के तहत विभिन्न विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर भर्ती होनी है। मुख्य परीक्षाओं के परिणाम घोषित होने के बाद साक्षात्कार की तिथि पीएससी द्वारा घोषित कर दी गई थी। इसके लिए निर्धारित दस्तावेज सत्यापन 14 अक्टूबर अर्थात सोमवार से होना था। कई अभ्यर्थी दस्तावेज सत्यापन के लिए नया रायपुर स्थित कार्यालय भी पहुंचे, लेकिन उन्हें लौटना पड़ा। वहीं इसके लिए साक्षात्कार 15 अक्टूबर अर्थात आज से प्रारंभ होने थे। इसे भी अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है। नई तिथि अभी घोषित नहीं की गई है।

**खास बातें**

- पहली बार बोर्ड पुनर्गठन के कारण स्थगित किया गया साक्षात्कार
- 17 विभागों के अंतर्गत 242 पदों पर होनी है भर्ती

### उठ रहे थे सवाल

पीएससी बोर्ड में शामिल व्यक्ति ही साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा होते हैं। पीएससी की विवादित पिछली भर्तियों में भी ये सदस्य साक्षात्कार लेने वाली टीम का हिस्सा थे। इनमें से कई के कॉल डिटेल सहित अन्य तरह की जांच सीबीआई द्वारा कराए जाने की भी सूचना है। इसे लेकर सवाल उठ रहे थे। अब अंततः बोर्ड के पुनर्गणन का निर्णय लिया गया है।



### *नई तिथियों की घोषणा शीघ्र ही*

*छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक से मिली जानकारी के अनुसार संशोधित साक्षात्कार और दस्तावेज सत्यापन की नई तिथियों की घोषणा जल्द ही आयोग की आधिकारिक वेबसाइट **www.psc.cg.gov.in** पर जारी की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, पैनल गठन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। कुछ पुराने नामों को इनमें से हटाया जा सकता है। कई नए सदस्यों को भी जोड़े जाने की तैयारी है। इस प्रक्रिया में पखवाड़े भर से अधिक का समय लग सकता है। माहांत में त्योहार के कारण शासकीय अवकाश रहेगा। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि साक्षात्कार अगले माह के बाद ही होंगे।*

**चार मंजिला आवासीय परिसर 38 ब्लाक में 1000 से ज्यादा परिवार प्रभावित**

# कचना के बीएसयूपी परिसर में 3 दिन से मोटर खराब, पानी को तरसे रहवासी



- जोन कमिश्नर से लेकर पार्षद तक शिकायत, पानी ढोने की नौबत
- तीसरे दिन बाद पहुंचा अमला मोटर पंप की कराई मरम्मत



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम जोन 9 के मोतीलाल नेहरू वार्ड स्थित कचना के बीएसयूपी आवासीय परिसर में मोटर पंप खराब होने से हजारों परिवार पानी की समस्या से त्रस्त रहे। 3 दिनों तक उन्हें निस्तारी से लेकर पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ा। सबसे ज्यादा दिक्कत ऊपर के फ्लोर पर रहने वाले परिवारों को हुई , जिन्हें पंप खराब होने से पानी की बाल्टी ऊपर चढ़ाने मशक्कत करनी पड़ी। भुक्तभोगियों का कहना है अष्टमी के पहले दिन मोटर पंप जल गया, उसे सुधरवाने में 3 दिन लग गए। जोन के जल विभाग के अधिकारी से लेकर जोन कमिश्नर और वार्ड पार्षद से भी प्रभावित परिवारों ने अपनी परेशानी बताई। कचना के 4 मंजिला बीएसयूपी आवासीय परिसर के रहवासियों को 3 दिनों तक पेयजल व निस्तारी की समस्या से जूझना पड़ा। इस परिसर में 38 ब्लाक बनाये गये हैं, जिनमें एक ब्लाक में 32 फ्लैट हैं। जोन 9 कमिश्नरी संपवेल के माध्यम से यहां लोगों को पेयजल की आपूर्ति कराती है। संपवेल का मोटर पंप खराब होने से 3 दिनों तक पेयजल आपूर्ति ठप रही। भुक्तभोगियों ने इसकी शिकायत जोन दफ्तर में की। उन्हें कहा गया जोन के पास 2 पानी टैंकर है, उसमें से एक पानी टैंकर खराब पड़ा है। एक पानी टैंकर से कसी तरह पानी की व्यवस्था कराई गई। इसमें ग्राउंड फ्लोर से फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड फ्लोर वालों को पानी ऊपर ले जाने में खासी दिक्कत हुई।



### *2000 लीटर की टंकी, बूंदभर पानी नहीं, बोर खराब*

*3 दिन से मोटर पंप खराब है। जोन कमिश्नर को परेशानी बताई तो उन्होंने कहा व्यवस्था कराता हूं, पर समय परव्यवस्था नहीं करा पाए। जल विभाग के इंजीनियर को परेशानी बताई तो कहने लगे जोन के पास टैंकर नही है। परिसर में लगा बोरवेल भी खराब हो गया है। काले रंग की 2000 लीटर की पानी टंकी में बूंद भर पानी नहीं है। नगर निगम की ऐसी व्यवस्था समझ से परे है, पार्षद भी ध्यान नहीं दे रहे।*

*-सतीश उपाध्याय, रहवासी कचना बीएसयूपी परिसर*

### पानी के लिए भटकते रहे

अष्टमी से लेकर विजयादशमी तक 3 दिन पानी के लिए भटकते रहे। कोई पूछने तक नहीं आया। मोटर पंप जल गया तो इसे बनवाना था। जोन वाले अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। नहाने से लेकर निस्तारी कार्य में बहुत परेशानी हुई। बड़ी मुश्किल से सोमवार को मोटर पंप बनाने वाला आया। 38 ब्लाक में पानी की समस्या रही।

- **संदीप सोनी**, रहवासी, कचना बीएसयूपी परिसर

### मोटर पंप बन गया, आपूर्ति शुरू

कचना बीएसयूपी आवासीय परिसर में मोटर पंप खराब से लोगों को परेशानी हुई है। संबंधित कर्मचारी को इसके लिए फटकार लगाई है। मोटर पंप बनवाकर लगवा दिया गया है, पानी आपूर्ति शुरू हो गई है।

- **विवेकानंद दुबे**, जोन कमिश्नर, जोन 9 नगरनिगम रायपुर

# गरीबों के खाते में पेंशन की रकम, तीन माह बाद राहत

- समाज कल्याण विभाग से राशि जारी
- सामान्य सभा में जोर-शोर से उठा था मुद्दा
- 70 वार्डों के 30 हजार पेंशनर रहे परेशान




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के 10 जोन के 70 वार्डों में रहने वाले गरीब व जरूरतमंद 30 हजार पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर है। समाज कल्याण विभाग ने बुजुर्ग, निराश्रित, दिव्यांग हितग्राहियों को होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए उनके 3 माह की लंबित पेंशन राशि के लिए फंड जारी कर दिया है। गांधी सदन स्थित निगम मुख्यालय की पेंशन शाखा के माध्यम से संबंधित हितग्राहियों के खाते में पेंशन की लंबित रकम डाली जा रही है। जुलाई से लंबित पेंशन राशि को लेकर हरिभूमि ने पेंशनरों की परेशानी का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। इसे संज्ञान में लेते हुए अब 30 हजार पेंशनरों को राहत देने लंबित पेंशन राशि का भुगतान होना शुरू हो गया है। नगर निगम द्वारा केंद्र व राज्य शासन की आधा दर्जन विभिन्न जनहितैषी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को प्रति माह 500 रुपये पेंशन की पात्रता है, जबकि 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों को 650 रुपए प्रतिमाह पेंशन की राशि प्रदान की जाती है। नगर निगम सीमा क्षेत्र में 30 हजार पेंशनर हैं, जिन्हें पेंशन राशि का भुगतान प्रति माह वार्डों में लगने वाले शिविर में किया जाता है। विदित हो कि जुलाई से गरीब व जरूरतमंद पेंशनरों को पेंशन नहीं मिलने से उन्हें भटकना पड़ रहा था। इससे दवाई, इलाज सहित अन्य जरूरतों के लिए उन्हें परेशानी हो रही थी। भुक्तभोगियों ने वार्ड पार्षद से लेकर जोन के अधिकारी व निगम आयुक्त से लेकर महापौर तक अपनी परेशानी बताई। नगर निगम की सामान्य सभा के प्रश्नकाल में यह मुद्दा जोर-शोर से छाया रहा। हाल ही में समाज कल्याण विभाग की ओर से फंड जारी होने के बाद पेंशनरों के लंबित पेंशन अब उनके खाते में डालने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



## खबर संक्षेप

### कलाम की जयंती मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के पूर्व राष्ट्रपति, मिसाइल मैन के नाम से विख्यात, महान वैज्ञानिक व भारत रत्न डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, भारती चंद्राकर, अंजू चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह के सदस्य मुकेश चंद्राकर आदि मौजूद रहे।

### झिटकी में शरद पूर्णिमा आज

**नर्रा।** बागबाहरा ब्लाक के ग्राम झिटकी में बुधवार को प्रतिवर्षानुसार क्वांर माह के शुक्ल पक्ष की शरद पूर्णिमा का पर्व मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए बर चौक स्कूल पारा में छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी हिच्छा पोटिया एवं नीम चौक में साराबोंग ओडिशा का कार्यक्रम रखा गया है। धार्मिक मान्यतानुसार शरद पूर्णिमा की रात चंद्रमा की किरणों से अमृत बरसता है, इसलिए पूर्णिमा रात को चंद्रमा की रोशनी में खीर बनाई जाती है। इस अवसर पर सभी दर्शकों को प्रसाद वितरण किया जाएगा।

### बकमा में रंगारंग कार्यक्रम आज

**बागबाहरा।** शरद पूर्णिमा के पावन पर्व पर आदर्श ग्राम पंचायत बकमा में रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक द्वारिकाधीश यादव होंगे। अध्यक्षता वीणा मिलन साहू सरपंच ग्राम पंचायत बकमा, विशिष्ट अतिथि मनिता विशाल नायक उपसरपंच, विशेष अतिथि समस्त पंचगण, संरक्षक-सफी मोहम्मद, बलराम साहू (ग्राम अध्यक्ष), हेमलाल गणबेर (सचिव), सुरेंद्र साहू होंगे। शाम 6 बजे से रामलीला एवं रावण वध होगा। वहीं रात्रि 10 बजे लोक बयार गंगा साहू आरंग की प्रस्तुति होगी।

### बाइक सवार दो युवकों की सड़क हादसे में मौत

**महासमुंद।** कबड्डी का मैच देखकर बाइक से वापस लौट रहे दो युवकों की दूसरे बाइक की टक्कर से मौत हो गई। पटेवा थाने में घटना की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि 14 अक्टूबर को कृष्णा दीवान अपने साथी रामाधर दीवान के साथ ग्राम नरतोरा से कबड्डी का मैच देखकर मोटर सायकल बजाज प्लेटिना क्रमांक सीजी 06 जीजी 4484 से अपने घर ग्राम कुल्हरिया आ रहा था। करीबन 11.20 बजे झलप-बागबाहरा रोड चैनसिंह साहू के वेल्डिंग दुकान के सामने ग्राम पचरी के पास पहुंचने पर पचरी की ओर से आ रहे मोटर सायकल बजाज पल्सर क्रमांक सीजी 06 जीएक्स 9839 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए मोटर सायकल बजाज प्लेटिना को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना में प्लेटिना में सवार चालक रामाधर दीवान के सिर, माथे, पैर में व कृष्णा दीवान के सिर, माथे में चोट आई। जिसमें कृष्णा दीवान की मौके पर मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल रामाधर दीवान को ईलाज हेतु सरकारी अस्पताल तुमगांव ले जाया गया, जहां डाक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# प्रतिमा डांस ग्रुप को मिला प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार, 62 हजार का मिला इनाम

## स्पर्धा में कई राज्यों के टीमों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

दशहरा उत्सव एवं आल इंडिया ग्रुप डांस का आयोजन जनकल्याण समिति द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रवेश दुबे व व्यापारी संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन के साथ सभी पार्षदगण उपस्थित थे। कार्यक्रम में राज्य के अलावा अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने भी भाग लिया, जिसमें प्रतिमा डांस ग्रुप दुर्ग भिलाई को 62111 रूपये व स्मृति चिन्ह प्रदान कर विजेता घोषित किया गया। वन स्टेप डांस ग्रुप झारसुगड़ा ओडिशा ने 31000 रूपये व स्मृति चिन्ह प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शिवानी डांस ग्रुप लैलूंगा रायगढ़ ने तृतीय स्थान पर रहे, जिसे 21000 रूपये व स्मृति




चिन्ह से सम्मानित किया गया। चौथे नम्बर पर दो टीमों ने स्थान बनाया, जिसमें न्यू किरण डांस ग्रुप धमतरी व हमर छत्तीसगढ़ डांस ग्रुप बड़े साजा पाली ने 11000 रूपये व स्मृति चिन्ह हासिल किया।

# मनवा कुर्मी समाज का शपथ ग्रहण 21 को

■ कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारी होंगे शामिल

**खरोरा।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष एवं राजप्रधानों का शपथ ग्रहण 21 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे केंद्रीय निर्वाचन कार्यालय स्व. अनंत राम बरछिहा बहुद्देशीय भवन नरदहा के सभाकक्ष में होगा। केंद्रीय निर्वाचन प्रभारी ऋषि कुमार वर्मा ने बताया कि सफल सुचारू निर्वाचन, परिणाम की घोषणा और शपथ ग्रहण को लेकर विगत दिवस केंद्रीय एवं राज निर्वाचन समिति की बैठक आहूत की गई। पूर्व में जारी अधिसूचना के अनुसार 21 अक्टूबर को राज प्रधानों तथा केंद्रीय अध्यक्ष के चुनाव नतीजों की घोषणा की जायेगी और विजयी प्रत्याशियों को निर्वाचन प्रमाण पत्र दिया जायेगा। बैठक में अवधराम वर्मा, संतोष आडील, डॉ. एपी नायक, दिनेश आडील, रामनारायण वर्मा, भोला प्रसाद वर्मा, ललित बिजौरा, शिव कुमार वर्मा, रूपेंद्र परगनिहा, ललिता कृष्णा वर्मा, चिंताराम वर्मा, कामता वर्मा, मंतराम वर्मा सहित निर्वाचन से जुड़े स्वजातीय उपस्थित थे।

## बैठक : लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों को बर्खास्त करें : कलेक्टर

# शिविर लगाकर बनाएं आय जाति व निवास प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

■ पाइप लाइन को दुरूस्त कर पानी सप्लाई करें

संयुक्त जिला कार्यालय के सभागार में मंगलवार को समय–सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विद्यार्थियों के आय, जाति तथा निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए राजस्व अनुभाग स्तर पर शिविर आयोजित करने निर्देश दिए। इसके साथ ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए सीएमएचओ व मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आपसी समन्वय से प्रगति लाने कहा। सौंरा बस्ती में पेयजल की व्यवस्था की समीक्षा करते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी बलौदाबाजार को एक सप्ताह में सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूर्व में पीएचई द्वारा बलौदाबाजार से सौंरा बस्ती तक पाइप लाइन बिछायी गई है, उसी पाइप लाइन को दुरुस्त कर पानी सप्लाई करें। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्गों से आवारा मवेशियों को हटाने के लिए पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सड़क किनारे शासकीय भूमि के चिन्हांकन एवं आवश्यक व्यवस्था शीघ्र करने के निर्देश दिए। आगामी धान खरीदी से पूर्व कस्टम मिलिंग की समस्या का निराकारण करने के लिए



सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को टीम गठित कर अवश्यक कार्यवाही करने कहा। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत राशि स्वीकृत होने के बाद भी जिन स्कूलों में कार्य अप्रारम्भ हैं, उन स्कूलों की मरम्मत के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को जारी राशि वसूली के निर्देश दिए। इसी तरह नगरीय निकायों में ठेला या सड़क किनारे दुकान लगाने वाले दुकानदारों को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना में पंजीयन कराकर लाभान्वित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार 15वर्ष से अधिक पुराने शासकीय वाहनों को निष्प्रयोज्य घोषित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करते हुए एमएमटीसी पोर्टल में पंजीयन कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने लम्बे समय तक बिना सूचना के अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों पर सेवा समाप्ति की कार्यवाही में तेजी लाने कहा।

# समस्याओं का निराकण शीघ्र करे कॉलेज प्रबंधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

■ विभिन्न समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पलारी द्वारा शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को हो रहे विभिन्न समस्याओं को लेकर प्रभारी प्राचार्य आत्माराम वर्मा को ज्ञापन सौंपा गया। एबीवीपी नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने समस्याओं से अवगत कराया जिसमें बीए प्रथम वर्ष के बच्चों की बैठक व्यवस्था सुचारू रूप के किया जाए, बीए प्रथम वर्ष में 250 छात्र छात्राएं होने के कारण एक रूम में बैठकर व्यवस्था नहीं हो पा रही है जिसके चलते बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है, पेयजल की समस्या है, कालेज में जो फ्रीजर है, जिसमें साफ सफाई के अभाव में किड़े मकोड़े होने लगे हैं, महाविद्यालय में बाहरी व्यक्ति प्रवेश निषेध हो, महाविद्यालय में नियमित अध्ययनरत छात्र छात्राओं को तत्काल आई कार्ड उपलब्ध कराया जाए, सभी कक्षाओं की नियमित साफ सफाई की जाए, कालेज में जो गार्डन है उसकी साफ सफाई की जाए, ताकि विद्यार्थी वहां बैठकर पढ़ाई कर सके, कालेज कैम्पस की साफ सफाई अनिवार्य रूप से कर जाए ताकि महाविद्यालय साफ सुथरा दिखे। नगर मंत्री परमेश्वर साहू ने उक्त समस्याओं को एक सप्ताह के अन्दर पूरा करने की बात रखी और एक सप्ताह के अन्दर मांग पूरी नहीं होने पर महाविद्यालय में एबीवीपी द्वारा आन्दोलन प्रदर्शन करने की बात कही। प्रभारी प्राचार्य आत्मराम ने जल्दी ही समस्याओं की समाधान करने की बात कही। इस दौरान एबीवीपी कार्यकर्ताओं डाकेश्वर साहू नगर सह मंत्री, इन्द्र कुमार, तुषार कुर्रे, खिलेन्द धीवर, अजीत, संजीत, रवि, मनिष, रिहान, अमन, हेमकुमार, जीया वर्मा, भारती साहू, इंशा देवांगन, आरती वर्मा, तनूं साहू, रितू, लक्ष्मी, त्रिपानी, नंदनी नायक, नेहा आदि छात्र छात्राएं उपस्थित थीं।

# 9वीं-11वीं में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 तक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली लैटरल एंट्री परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2025–26 में के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित की गई है। चयन परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित की जायेगी। कक्षा 9वीं हेतु इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2024–25 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा– 8वीं में अध्ययनरत है। जिनकी जन्मतिथि 1 मई 2010 से 31 जुलाई 2012 के मध्य हो ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा 11 वीं के लिए इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2024–25 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 10वीं में अध्ययनरत है जिनकी जन्मतिथि 1 जून 2008 से 31 जुलाई 2010 के मध्य हो नवोदय विद्यालय के वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।



# मनीराम बने सहकारी समिति कर्मचारी संघ के अध्यक्ष

**गिधौरी।** सहकारी समिति कर्मचारी संघ जिला बलौदाबाजार का आमसभा व निर्वाचन मंगलवार को हुआ। इसमें सर्वसम्मति से मनीराम कैवर्त को जिलाध्यक्ष, रामकुमार साहू को उपाध्यक्ष, सुकदेव सेन को सचिव, लक्ष्मीनारायण वर्मा को कोषाध्यक्ष व द्वारका प्रसाद साहू को संरक्षक चुना गया। अध्यक्ष मनीराम कैवर्त ने सभी कर्मचारियों को पुनः सहयोग एवं आशीर्वाद के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सभी उपस्थित कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। निर्वाचन प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार पर्यवेक्षक के रूप में प्रदेश संगठन प्रदेश उपाध्यक्ष रामलाल साहू, प्रमुख सलाहकार प्रमोद कुमार यादव एवं गजेंद्र चक्रधारी के सानिध्य में चुनाव संपन्न हुआ। आय व्यय का पठन सहसचिव व कोषाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुखदेव सेन व आभार श्रीराम रजक द्वारा किया गया। निर्वाचन प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल में संपन्न हुआ। इसमें प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति कसडोल व शाखा कसडोल एवं जिला के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

### श्रमजीवी पत्रकार संघ की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**गोपालपुर।** तहसील सरसीवां के श्रम जीवी पत्रकार संघ के बैठक तीलाईपाली में हुई, जिसमें संघ को मजबूती प्रदान करना व अन्य विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से राकेश सोनी संरक्षक, राहुल पाण्डेय अध्यक्ष, प्रकाश दीवान उपाध्याय, मेश मनहर सचिव, सदस्यगण दरसराम टण्डन, गनपत बंजारे, युवराज निराला, सोनू साहू, झगेन्द्र साहू, मनीष अग्रवाल उपस्थित थे।

# राजशाही दशहरा में निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़

■ शाही परिवार ने देवी दुर्गा और भगवान राम की पूजा-अर्चना की



विजया दशमी पर राजशाही दशहरा पर्व ऐतिहासिक परम्पराओं के साथ मनाया गया। दशहरे के इस पर्व को स्थानीय शाही परिवार प्रति वर्ष विशेष रीति–रिवाज के साथ मनाते आ रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः कालीन पूजा और शस्त्र पूजन के साथ हुआ। शाही परिवार के सदस्यों ने पारंपरिक राजसी वस्त्रों में देवी दुर्गा और भगवान राम की पूजा अर्चना की। इसके बाद महल के मुख्य द्वार पर शाही परिवार की अगुवाई में परंपरागत रथयात्रा निकाली गई, जिसमें राजा और उनके परिवार राजसी वेष धारण कर, सज धज कर सजी–धजी पालकियों में नगर भ्रमण किया। नगर के प्रमुख मार्गो से होकर गुजरने वाली इस शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान ढोल–नगाड़ों की ध्वनि और पारंपरिक नृत्य–गीतों ने पूरे माहौल को और भी मनोरम बना दिया। शाही परिवार के वरिष्ठ सदस्य महाराज ओंकारेश्वर शरण सिंह ने संबोधन किया और दशहरे के आध्यात्मिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें जीवन में धर्म, सत्य और सद्गुणों के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके बाद शाही परिवार ने नगरवासियों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं और समृद्धि, शांति और सौहार्द का संदेश दिया।

# ग्रामीण ने स्कूल में किया न्योता भोज का आयोजन

**खरोरा।** संकुल केन्द्र मोहरेंगा के शासकीय नवीन प्राथमिक शाला में प्रधानमंत्री पोषण निर्माण योजना के अंतर्गत ग्राम मोहरेंगा के नीलकंठ साहू ने अपने जन्म दिन पर न्योता भोज का आयोजन किया, जिसमें मध्यानः भोजन में बच्चों को खीर, पूरी, छोले, चना की सब्जी और केला का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रसोइया उत्तरा वर्मा, अरुणा मानिकपुरी, निरूपा साहू और हेमंत वर्मा उपस्थित रहे। शाला की ओर से राजेन्द्र कुमार वर्मा और शिक्षिका जमुना साहू ने नीलकंठ साहू का न्योता भोज के लिए आभार प्रकट किया।



मधुमेह
का सर्वोत्तम संस्थान
लाइफवर्थ हॉस्पीटल
समता कालोनी, रायपुर
हाई ब्लड शुगर का निदान
हाई बी.पी., बच्चों में मधुमेह
मधुमेह और मोटापा
थायराइड और मधुमेह
आँखों में धुंधलापन
पैर में घाव, नसों मे दर्द
समस्त खून जाँच, ईसीजी, ईको की सुविधा
88395 28080, 98261 31347
74404 95504
Ajay 9827144371

### उखरा में कबड्डी स्पर्धा आज से

**नर्रा।** जय चमरू मांझी स्पोर्ट्स क्लब ग्राम उखरा लामी के तत्वावधान में दो दिवसीय 16 और 17 अक्टूबर को कबड्डी स्पर्धा का आयोजन किया गया है।

कालड़ा बर्न एवं
प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
वेजर लाइपोसक्शन द्वारा
मोटापे का ईलाज



पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

## कलश यात्रा के साथ नगर में भागवत कथा शुरू

# कांच की तुलना मणि से नहीं की जा सकती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

कांच की तुलना मणि से नहीं की जा सकती अमृत का कलश कांच का टुकड़ा है और श्रीमद भागवत जी की कथा मणि है। उक्त बातें नगर के मंगल भवन में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रथम दिन आचार्य सागर मिश्रा ने कही। ज्ञात हो कि श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ मंगलवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ ।

सबसे पहले कथाकार पं. सागर मिश्रा ने नगर के महामाया मंदिर में पूजा अर्चना की, इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा महामाया मंदिर से बजरंग चौक होते हुए चंडी मंदिर, बाजार चौक



से गौरव पथ होकर गायत्री चौक में स्थित मां गायत्री मंदिर में पूजा अर्चना पश्चात मंगल भवन पहुंची, जहां महराज ने भागवत कथा का आरंभ करते हुए कहा कि जब परीक्षित जी को सात दिन में मृत्यु का श्राप प्राप्त हुआ और सुखदेव उन्हें कथा सुनाने लगे उसी समय वहां देवता भी अमृत का कलश लेकर आ पहुंचे और श्री सुकदेव को वह कलश देते हुए कथा सुनने की बात कही, तब सुकदेव ने उन्हें मना कर दिया। आचार्य सागर मिश्रा ने उपस्थित श्रोताओं को कथा सुनाते हुए कहा कि कांच से मणि की तुलना नहीं की जा सकती। श्री भागवत कथा मणि है और अमृत का कलश कांच का टुकड़ा। प्रथम दिन के शोभायात्रा और श्रीमद भागवत कथा के अवसर पर भूत पूर्व विधायक अरुण कुमार मिश्रा, चंद्रभूषण मिश्रा, दिनेश मिश्रा, देवेंद्र साहू, युवा आस्था के राम गोपाल साहू, गोरे लाल साहू, हेम लाल साहू, स्नेहा मिश्रा, चंद्रलेखा मिश्रा, विष्णु पटेल, गूंजा पटेल, मंजू साहू, स्वेता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में श्रोतागण उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




21 दिसंबर से 31 दिसंबर 2024, 24 मई से 03 जून 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग,
श्री कन्याकुमारी, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी
राशि :- स्लीपर 16500/- 3 एसी-27,500/- 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Jai Mata Di · Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411